# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम :– माननीय मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास–खण्ड डुण्डा में डुण्डा कुराह मोटर मार्ग से जखारी गांव होते हुए बल्ला गांव तक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 3.425 किमी0) हेतु वन भूमि हस्तान्तरण (पुनरीक्षित) प्रस्ताव।**

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड की घोषणा के अन्तर्गत प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण हेतु पूर्व में 7.00 किमी0 लम्बााई व 7.00 मीटर चौड़ाई में तथा डुण्डा कुराह मोटर मार्ग का जखारी गांव होते हुए बल्ला गांव तक निर्माण हेतु 5.1775 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार किया गया था। भारत सरकार को प्रेषित किया गया था। जिसका प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/28906/2017 है। दिनांक 29.07.2019 में सम्पन्न आर0ई0सी0 कमैटी की बैठक तथा कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षक, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक– 2074/ FP/UK/ROAD/28906/2017 देहारदून दिनांक 13.02.2020 द्वारा प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है तथा पुनः केवल जखारी तक प्रस्ताव को पुर्नरीक्षित करने हेतु लिखा गया है।

पुर्नरीक्षित प्रस्ताव हेतु कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग के पत्रांक 4025/12–1, दिनांक 02.03.2020 के कम में पुनः संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही वन विभाग, राजस्व विभाग तथा लो0नि0वि0 उत्तरकाशी द्वारा 04.06.2020 से 07.06.2020 के बीच किया गया। संयुक्त निरिक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री देवी नारायण, वन दरोगा, डुण्डा अनुभाग व श्री हेमराज सिंह मटुड़ा वन दरोगा/बीट प्रभारी डुण्डा एवं राजस्व विभाग की ओर से श्री डी0एस0 नाथ राजस्व उपनिरिक्षक नाकुरी तथा प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री रविन्द्र सिंह चौहान कनिष्ठ अभियन्ता एवं श्री लाल चन्द रमोला अमीन, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, उत्तरकाशी द्वारा संयुक्त निरीक्षण मे प्रतिभाग किया गया है।

संयुक्त निरीक्षण में मोटर मार्ग में वृक्षो की गणना 7.00 मीटर चौड़ाई में किया गया, जिसमें मोटर में 2.625 किमी0 में आरक्षित वन भूमि, 0.375 किमी0 में सिविल सोयम भूमि तथा 0.425 किमी0 में नाप आती है। आरक्षित वन भूमि में दो डम्पिंग स्थल हेतु 0.20 है0 चयनित की गई है तथा एक डम्पिंग स्थल हेतु 0.10 है0 नाप भूमि में लिया गया है। संयुक्त निरीक्षण के अनुसार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.84 है0 आरक्षित वन भूमि, 0.26 है0 सिविल वन भूमि, 0.38 है नाप भूमि आ रही है। इस प्रकार मोटर मार्ग में कुल 2.04 है0 आरक्षित वन भूमि, 0.26 है0 सिविल सोयम भूमि, 0.48 है0 नाप भूमि की आवश्यकता होगी। मोटर के निर्माण में विभिन्न प्रजाति के 437 वृक्ष पड़ रहे है।

उपरोक्त प्रयोजन हेतु भूमि का विवरण इस प्रकार है—

आरक्षित वन भूमि = 1.84 है0

डम्पिंग यार्ड क्षेत्रफल = 0.20 है0

सिविल वन भूमि = 0.26 है0

कुल वन भूमि का क्षेत्रफल = 2.30 है0

नाप भूमि का क्षेत्रफल = 0.30 है0

प्रस्तावित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है।

प्रस्तावित क्षेत्र का धनत्व **0.6** है तथा इकोक्लास **5** है।

उक्त वन भूमि में विभिन्न प्रजाति के **कुल 437** वृक्ष आयेगें जिनका मोटर मार्ग निर्माण हेतु पातन होना आवश्यक होगा, जिसकी वृक्षों की गणना सूची संलग्न है।

(लालचन्द रमोला)
अमीन
प्रा0ख0,लो0नि0वि0
उत्तरकाशी

( हेमराज सिंह मटुड़ा )
वन दरोगा/बीट प्रभारी
डुण्डा

( देवी नारायण )
वन दरोगा,
डुण्डा अनुभाग
उत्तरकाशी

(डी0एस0 नाथ)
राजस्व उप निरीक्षक
नाकुरी

(रविन्द्र चौहन)
कनिष्ट अभियन्ता
प्रा0ख0,लो0नि0वि0
उत्तरकाशी

( बुद्धि सिंह राणा )
वन क्षेत्राधिकारी
डुण्डा वन रेंज

( सुनील सिह रावत )
सहायक अभियन्ता
प्रा0ख0 लो0नि0वि0
उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0
उत्तरकाशी

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी

S.D.M
Dunda

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी